# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–03 अगस्त 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है।

**उत्तर प्रदेश पुलिस बल देश के अंदर एकमात्र पुलिस बल हो सकता है सिविल पुलिस का एक ऐसा बल हो सकता है जिसने 2 लाख 17500 से अधिक कार्मिकों की भर्ती की प्रक्रिया को निष्पक्ष संपन्न करवाने में सफलता प्राप्त की है यानी पिछले आठ सवा आठ वर्ष में जितनी हमने भर्ती की है बहुत सारे राज्यों में तो उसका एक चौथाई भी पूरा पुलिस बल नहीं है जितना हमने मात्र 8 वर्ष में ही संपन्न कर दिया है और अभी तो उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 30000 और पुलिस भर्ती की प्रक्रिया की कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई आगे प्रारंभ हुई।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक के साथ लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद प्रदेश सरकार ने ड्रोन गतिविधियों को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि ड्रोन के जरिए दहशत फैलाने या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के ड्रोन संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**********

प्रदेश के गोंडा जिले में आज सुबह एक सडक दुर्घटना में 11 लोगों की मृत्यु हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार पृथ्वीनाथ मंदिर जा रही एक बोलेरो कार में 15 श्रद्धालु सवार थे। ये कार अनियंत्रित होकर पारासराय अलावल देवरिया सडक पर सरयू नहर पुल के पास नहर में गिर गई। गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 11 शवों को बरामद किया गया है।

**चार लोगों को नहर में से जीवित निकाल लिया गया है जो सुरक्षित हैं और प्राथमिक उपचार हेतु उन्हें ...दिया गया है। 11 लोगों की दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई है। 11 लोगों के शव निकाल कर इनके पंचायतनामा की कार्रवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल, गोंडा भिजवा दिया गया है। बाकी तत्काल इस तरह की सूचना प्राप्त होते ही सभी अधिकारी यहां मौजूद हैं। एसडीआरएफ की टीम हमारी मौके पर आ गई है और रेसक्यू और सर्च ऑपरेशन अभी भी उनका जारी है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50–50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर–अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडी को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने रीवा से दो अन्य रेलगाडियों को भी वर्चुअल माध्यम से झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे में महत्वपूर्ण बदलाव हुए है।

**********

श्रावण मास के चतुर्थ और अंतिम सोमवार को कल श्री काशी विश्वनाथ धाम में काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ का भव्य रुद्राक्ष श्रृंगार होगा। महादेव के भक्त बाबा के इस अलौकिक स्वरूप का दिव्य दर्शन कर सकेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन माह के प्रत्येक सोमवार को देवाधिदेव महादेव के अलग–अलग स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया जाता है। उधर, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सावन के चौथे सोमवार को देखते हुए शिवभक्तों एवं कांवड़ियों की सुविधा के लिये प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कई जिलों में यातायात व्यवस्था बदली गयी है। कई स्थानों पर कांवड़ियों पर जिला प्रशासन के द्वारा पुष्प वर्षा कराए जाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

**********

लगातार हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में गंगा यमुना समेत कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जनपद मिर्जापुर में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज बाढ प्रभावित क्षेत्र नारायनपुर ब्लाक के गांवों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को सुना और उसके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी क्रम में वाराणसी के डीएम सत्येंद्र कुमार ने आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज हुकुलगंज, चित्रकूट कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय सरैया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चंदौली समेत प्रदेश के 12 जनपदों के कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं।

**********